



## एक नजर में

### युवाओं के लिए गीता की व्याख्या पर सत्र आयोजित





**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** आदित्य वाहिनी ग्वालियर द्वारा आज 'आत्मा शरीर मन का समाजस्य : युवाओं के लिए गीता की व्याख्या' विषय पर श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के संत स्वामी आदित्य पुरी महाराज द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में गुरुजी ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए श्रीमद्भगवद्गीता में वर्णित सूत्रों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित किया। गुरुदेव ने कहा कि जिस प्रकार अर्जुन कुरुक्षेत्र के युद्ध में मानसिक दुविधा में था उसी प्रकार आज का युवा भी मानसिक दुविधा से ग्रस्त है इसलिए युवाओं को निष्काम कर्म के सिद्धांत का पालन करते हुए कार्य करना चाहिए। सत्र के अंत में युवाओं ने अपनी धार्मिक आध्यात्मिक एवं वर्तमान समय की सामाजिक, मानसिक समस्याओं पर गुरुजी से प्रश्न पूछकर समाधान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में लगभग भिन्न भिन्न कॉलेजों और संस्थानों से छात्रों ने सहभागिता ली। इस कार्यक्रम में आदित्य वाहिनी प्रमुख आलेख शर्मा, वैभव शुक्ला, संजना शर्मा, डॉ ज्योति कुशवाह, रीना सक्सेना, दीप तोमर, वंशिता चौहान, विजय दीक्षित आदि उपस्थित रहे।



### विधायक डॉ. सिकरवार ने विकास कार्यों के लिये किया भूमिपूजन

ग्वालियर, 8 दिसंबर। जनता की मंशा के अनुरूप एवं सुविधा अनुसार क्षेत्र में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। यह विचार आज 16, ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 28 में विभिन्न विकास कार्यों के लिये हुये भूमिपूजन कार्यक्रम व्यक्त किये। आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने क्षेत्रीय पार्षद एवं एम.आई.सी सदस्य गायत्री सुधीर मण्डेलिया के साथ रामजी बाबा मंदिर एवं बाथम धर्मशाला कुम्हरपुरा में होने वाले जीर्णोद्धार विकास कार्य के लिये भूमिपूजन किया। जीणोद्धार विकास कार्य लगभग 6 लाख 80 हजार की लागत से कराये जायेंगे। इस मौके पर संतोष राम प्रजापति, राजेश तोमर, सुरेश वाजपेई, दयाशंकर खटीक, राजू बाथम, लाल सिंह, भोला नेताजी, सुंदर अहिरवार, पप्पू पंडित, रामवीर गुर्जर, होरीलाल बाथम, राजू बाथम, अनिल परिहार, देवानंद ऐश्वार, अमन रजक, दीपक अहिरवार आदि मौजूद रहे।



### स्वामी विवेकानन्द अकेडमी में मनाया गया रंगारंग वार्षिक उत्सव

ग्वालियर, 8 दिसंबर। स्वामी विवेकानन्द एकेडमी के वार्षिक महोत्सव में स्कूल के सभी बच्चों ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर एवं धार्मिक सहिष्णुता को समायोजित करते हुए अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी लोकायुक्त ग्वालियर माननीय निरंजन शर्मा उपस्थित थे। विद्यालय के डायरेक्टर आशीष मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया एवं प्राचार्य प्रीति मेहरोत्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी बच्चे अच्छी शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को निखारें।




### सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी 8 दिवसीय गुजरात भ्रमण पर जाएंगे

ग्वालियर, 8 दिसंबर। सांदीपनि विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों के 8 दिवसीय गुजरात भ्रमण हेतु ग्वालियर संभाग के 80 विद्यार्थियों का दल संभागीय प्रभारी पद्मा विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र शर्मा के नेतृत्व में बस द्वारा भोपाल के लिए रवाना हुआ। दल को संयुक्त संचालक कार्यालय के सहायक संचालक प्रदीप पांडे एवं एडीपीसी सर्वेश दीक्षित ने शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस दल में मेंटर टीचर के रूप में नरोत्तम गर्ग, चित्रकांत तिवारी, शिशुपाल लोधी, आरती अगाशे एवं हीरो रानी जाट सम्मिलित हैं। भोपाल से यह दल 9 दिसम्बर को सुबह भारत गौरव स्पेशल ट्रेन द्वारा गुजरात भ्रमण हेतु रवाना होगा। ग्वालियर संभागीय दल में कुल 80 विद्यार्थी सम्मिलित हैं जिसमें मुरैना, भिंड, दतिया एवं ग्वालियर जिले के 41 विद्यार्थी पद्मा विद्यालय ग्वालियर से एवं शेष जिलों शिवपुरी, श्योपुर, गुना और अशोकनगर के विद्यार्थी क्रमश : शिवपुरी और गुना से बस में बैठेंगे। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश के प्रत्येक सांदीपनि विद्यालय से कक्षा 11 वी में अध्ययनरत ऐसे एक-एक छात्र छात्रा का भ्रमण हेतु चयन किया गया है जिन्होंने कक्षा 10वीं में अपने विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। दल में सम्पूर्ण प्रदेश से 546 विद्यार्थी एवं 32 अधिकारी, कर्मचारी सम्मिलित हैं। दल के सदस्य भारत गौरव स्पेशल ट्रेन द्वारा 8 दिनों में गुजरात के प्रमुख दर्शनीय एवं महत्वपूर्ण स्थानों जैसे सोमनाथ मंदिर, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, आई आई एम अहमदाबाद, आई आई टी गांधीनगर, इसरो, अमूल डेयरी, गांधी आश्रम आदि का भ्रमण करेंगे।

### मेहनत, हौसले और उम्मीद की मिसाल बनी निशिका बंसल



निशिका बंसल अपने भाई (अभिराज बंसल) और माता पिता (रानी बंसल - सुनील बंसल) के साथ

शहर की होनहार बेटी निशिका की, जिसने 12वीं बोर्ड परीक्षा में 94% अंक प्राप्त किये. उन्होंने इसी दौरान देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक NEET की तैयारी भी पूरी लगन के साथ जारी रखी और अंतत: इसे उत्तीर्ण कर अपने सपने को साकार कर दिखाया। आज निशिका इंदौर के सरकारी मेडिकल कॉलेज से MBBS की पढ़ाई कर रही हैं। सफेद कोट पहनकर जब वह हॉस्पिटल की ओर कदम बढ़ाती हैं, तो वह सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए एक नई उम्मीद लेकर चलती हैं। उनका सपना सिर्फ डॉक्टर बनना नहीं है, बल्कि गरीब, जरूरतमंद और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना है।



'निशिका सिर्फ मेरी बहन नहीं, मेरी प्रेरणा है। उसकी मेहनत, अनुशासन और कभी हार न मानने की आदत ने मुझे हमेशा सिखाया है कि सपने केवल देखे नहीं, पूरे भी किए जाते हैं। मुझे उस पर हर पल गर्व है।'

**मनु (निशिका की बहन)**



'निशिका एक ऐसी दोस्त है जो अपने लक्ष्य को लेकर बेहद संकल्पित है। उसकी लगन और सकारात्मक सोच मुझे हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उसकी सफलता पूरी तरह से उसकी मेहनत का परिणाम है, और मैं खुद को गर्व महसूस करती हूँ कि मैं उसकी दोस्त हूँ।'

**गौरी (निशिका की दोस्त)**

# बुजुर्ग ने पुरानी खदान में कूदकर की आत्महत्या

नवभारत न्यूज

**लक्ष्मण तलैया की घटना पड़ताल में जुटी पुलिस**

**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** 65 वर्षीय बुजुर्ग ने पुरानी खदान में आत्महत्या करने के मकसद से पुरानी खदान में छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह लक्ष्मण तलैया की है। जिसकी सूचना पाकर पहुंची बहोड़ापुर थाना पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलवाकर शव को बाहर निकलवाने के उपरांत मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्रांतर्गत लक्ष्मण तलैया स्थित पुरानी खदान में सोमवार सुबह एक बुजुर्ग ने छलांग लगा दी। जब आसपास मौजूद लोगों ने यह दृश्य देखा, तो वहां हड़कंप मच गया। चूंकि खदान काफी गहरी होने के साथ ही उसमें काई एवं काफी गंदगी है। जिससे किसी ने भी उसे बचाने के लिए पानी में कूदने की हिम्मत नहीं करते हुए पुलिस को तत्काल घटना की जानकारी दी। सूचना पाते ही बहोड़ापुर टीआई आलोक परिहार तुरंत थाने की टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन पुलिस भी पानी में नहीं उतरी। ऐसे में आनन- फानन में एसडीआरएफ की टीम को घटनास्थल पर बुलवाया गया। जिसने रस्से की मदद से पानी में उतरकर बुजुर्ग को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस द्वारा आसपास के रहवासियों को बुलवाकर पूछताछ की गई, तो मृतक की शिनाख्त पंचशील नगर खदान नंबर-2 पर रहने वाले 65 वर्षीय राकेश के रूप में हो गई।



# डॉ. राजीव कुमार मिश्रा जेयू के नए कुलसचिव

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव वीरन सिंह भलावी ने जीवाजी विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार मिश्रा को कुलसचिव का प्रभार दिए जाने के आदेश सोमवार को जारी कर दिए। अभी तक वनस्पति विज्ञान के प्रो. राकेश कुशवाह विश्वविद्यालय के कुलसचिव थे, लेकिन राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर का कुलगुरू बना दिया है, इसलिए कुलसचिव पद खाली हो गया। जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. राजकुमार आचार्य के निर्देश पर डॉ. राजीव कुमार मिश्रा परीक्षा नियंत्रक के साथ-साथ प्रभारी कुलसचिव के रूप में कार्य कर रहे थे।

### प्रभारी मंत्री सिलावट आज ग्वालियर आएंगे

**ग्वालियर 8 दिसंबर.** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 9 व 10 दिसम्बर को ग्वालियर प्रवास पर रहेंगे। 10 दिसम्बर को विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट 9 दिसम्बर को रात्रि 9 बजे सड़क मार्ग से ग्वालियर पहुँचेंगे। स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रात्रि विश्राम करेंगे। सिलावट 10 दिसम्बर को दोपहर 3.15 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात शाम 7.40 बजे ग्वालियर से रेलमार्ग द्वारा इंदौर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# दिखने लगा सर्दी का असर, दो दिन में पारा 2 डिग्री बढ़ा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** नवंबर माह से मौसम की लुका-छुपी चल रही है, कभी सर्दी होने लगती है तो दूसरे दिन गर्मी सताने लगती है। दिसंबर माह में भी यही आलम बना हुआ है। शुक्रवार को जहाँ न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया था, वह सोमवार को बढ़कर 8.9 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम में आए 1.5 डिग्री के बदलाव से लोगों को हल्की गर्मी लगी। वहीं शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को हवा की रफ्तार 7 से 11 किलोमीटर तक रहने के कारण हवा में ठण्डक का अहसास रहेगा।


पिछले दो दिनों से रात में हवा की रफ्तार कम हो जाने के कारण गर्मी सता रही थी। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को हवा की रफ्तार दिन में 7.2 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी और रात में भी हवा की रफ्तार यही रहेगी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है। शाम से शहर में सर्दी होने लगेगी।

मौसम विभाग के अनुसार अभी हिमालय में बर्फबारी नहीं होने के कारण शहर में सर्दी की ठीक से दस्तक नहीं हुई है। अमूमन ग्वालियर में 15 दिसंबर के बाद ही सर्दी की ठीक से दस्तक होती है, उस समय तक हिमालय पर भी बर्फबारी होने लग जाती है। मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है, इसके कारण लोगों को परेशानी महसूस हो रही है, लोग सर्दी से बचने के लिए जब गर्म कपड़े ज्यादा पहनने लगते हैं तो दूसरे दिन गर्मी होने लगती है, जब कम कपड़े पहने तो सर्दी सताने लगती है। ऐसा हिमालय से आने वाली हवा की रफ्तार के कारण हो रहा है।

# आईटीएम के छात्रों ने किया 'सुप्रीम इंडस्ट्रीज' का भ्रमण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा बीबीए और बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए औद्योगिक शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समन्वयक अभिषेक श्रीवास्तव, कामिनी तोमर, निधि परप्यानी और विकास खरे के मार्गदर्शन में तृतीय सेमेस्टर के 80 छात्र-छात्राओं ने सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड मालनपुर' का औद्योगिक भ्रमण किया, जहां इंडस्ट्रीज के रजत कुमार पांडे द्वारा विभिन्न तकनीकों से रूबरू कराते हुए जागरूक किया।



छात्र-छात्राओं ने सुप्रीम इंडस्ट्रीज में भ्रमण के दौरान उत्पादन निर्माण की उत्पादन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा। इसके साथ ही उन्होंने उद्योग में उपयोग होने वाली आधुनिक मशीनरीज, क्वालिटी कंट्रोल करना सीखा। औद्योगिक शैक्षिक भ्रमण के दौरान सुप्रीम इंडस्ट्रीज की टेक्नीकल टीम से रजत कुमार पांडे ने आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के छात्र-छात्राओं को एक्सीलेंस सेंटर में भ्रमण कराया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से समन्वयकों ने संयुक्त रूप से बताया कि भ्रमण का उद्देश्य बीबीए एवं बीकॉम तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं, उत्पाद निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं उत्पादन प्रबंधन की गहरी समझा विकसित करना था।

# ई अटेंडेंस के सम्बन्ध में अजाक्स ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** नेशनल मूवमेंट फोर ओल्ड पेंशन स्कीम ग्वालियर के जिला अध्यक्ष एवं अजाक्स के संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव के नेतृत्व में ई अटेंडेंस के आधार पर वेतन भुगतान एवं ई अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों का वेतन रोकने सम्बंधी जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी के आदेश के खिलाफ मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में माँग की है कि ई अटेंडेंस एवं शिक्षक एप की विश्वसनीयता को लेकर जबलपुर उच्च न्यायालय में प्रकरण लंबित है ऐसी स्थिति में शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन रोकना विधि विरुद्ध है तथा ई अटेंडेंस नहीं लगाने पर वेतन रोकने या वेतन काटने का आदेश वरिष्ठ अधिकारियों ने भी नही किया है। माँग करने वालों में जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव, जिला संयोजक राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष नीरज सिंह सोलंकी, जी एस गौतम, प्रदीप यादव, अमन शर्मा, नबाब सिंह रावत, हाकिम सिंह पाल, सुरेंद्र गौतम, ओ पी सिंह, होतम सिंह माथुर, शिवकुमारी लोधी, रेशमा बानों, प्रीतम सिंह, प्रीति सिरोठिया, कविता तोमर, बकील कुशवाह, राजेश चौवे, प्रमोद सिंह आदि उपस्थित रहे!



# मैरिज गार्डन में हुई लाखों की चोरी का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** मैरिज गार्डन से लाखों के सोने के जेवरात चोरी करने वाली गैंग के एक शातिर सदस्य को पुलिस ने मेला ग्राउण्ड से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपी से चोरी गये सोने के जेवरात तथा घटना में प्रयुक्त एक होण्डा शाइन मोटर साइकिल जप्त कर लगभग 5 लाख 50 हजार रूपये की जप्ती की गई है। जागृति भदौरिया निवासी दर्पण कालौनी ठाटीपुर ग्वालियर ने रिपोर्ट कराई थी कि वह अपनी मौसी की लड़की की शादी में राजकिशोरी गार्डन, पिन्टो पार्क में अपने जेवर अपने बैग में रखकर गई थी। रात्रि लगभग 8.40 बजे मैंने अपने बैग में देखा तो चेन खुली थी तथा बैग में एक प्लास्टिक की डिब्बा जिसमें पुराना इस्तेमाली एक गले का बड़ा सोने का हार, एक छोटा सोने का हार, एक सोने का मंगलसूत्र, एक गले की सोने की चेन जिसमे लॉकेट डला था 06 सोने की हाथ की अंगूठी, एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी सोने की बाली को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। विवेचना में पुलिस टीम ने घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज चेक कर संदिग्धों को चिन्हित किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मैरिज गार्डन में उक्त चोरी की घटना करने वाला एक शातिर चोर ग्वालियर मेला ग्राउण्ड में देखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम को मेला ग्राउण्ड भेजा गया, जहां पर सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे हुलिया का एक संदिग्ध खड़ा दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने का प्रयास किया, पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम व पता घनश्याम दास कोरी पुत्र मुन्नालाल उम्र 47 साल निवासी रसूलाबाद, सुभाष नगर हजीरा जिला ग्वालियर बताया। पकड़े गये संदिग्ध से उक्त चोरी की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया लेकिन गहनता से पूछताछ करने पर उसने एक महिला रानी निवासी लखेरी के साथ मिलकर महिला के पर्स से सोने के जेवर चोरी करना बताया।

### अवैध देशी शराब के खिलाफ कार्यवाही

**ग्वालियर, 8 दिसंबर।** थाना करहिया पुलिस ने एक तस्कर को पकड़कर उससे हाथ भट्टी की बनी करीब 65 लीटर कच्ची अवैध शराब जप्त की है। करहिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति 2 बड़ी-बड़ी केनों में शराब रखकर नई नहर स्याऊ पर बेच रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति प्लास्टिक की 2 केनों में रखी शराब की बिक्री करता हुआ दिखाई दिया, जिसने पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम रिंकू बघेल पुत्र शिवदयाल बघेल उम्र 30 साल निवासी स्याऊ, थाना करहिया जिला ग्वालियर का होना बताया। मौके पर मिली दो केनों को खोलकर चेक किया तो उनमें हाथ भट्टी की बनी करीब 65 लीटर कच्ची शराब भरी हुई मिली।


डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

दीया फंड

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in